सार-समाचार

मोक्षधाम परिसर किया पौधारोपण

करौली, (निसं)। टीम मित्राय के सदस्य समाजसेवी बबलू शुक्ला ने बताया कि टीम के प्रमुख सदस्य पूर्व पार्षद ललित हरदेनिया एवं पूर्व उपसभापति वेद प्रकाश उपाध्याय के जन्मदिन के अवसर पर सर्व समाज करौली के लिए संचालित रियासत कालीन मोक्षधाम परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिला कलेक्टर प्रेमराज मीना एवं विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि विश्वेंद्र सिंह ,अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी चंद्रप्रकाश गुर्जर, कोतवाली थाना अधिकारी अध्यात्म गौतम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हॉकी राजस्थान अध्यक्ष अरुण सारस्वत ने की। इस अवसर पर शहर के प्रबुद्ध जनों की उपस्थित मेंटीम मित्राय के फाउंडर मेंबर डॉ विनीत, डॉ रश्मि एवं जया बेलानी ने बताया कि वर्ष 2011 से 2025 तक राजस्थान प्रदेश के अनेक स्थानों पर 58000 से अधिक वृक्ष लगाने का पुनीत कार्य किया है इस अवसर पर टीम सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित राजस्थान को लेकर उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों को शपथ भी दिलाई गई। मोक्ष धाम सेवा समिति के महामंत्री बबलू शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिसमें हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण सारस्वत ,पूर्व उप सभापति वेद प्रकाश उपाध्याय, आरएसएस बौद्धिक प्रमुख विपिन शर्मा, पूर्व पार्षद राजेंद्र सारस्वत,ललित हरदेनिया, पार्षद दशरथ गुर्जर, आशीष कांत कौशिक ,रॉबी पाल नगर परिषद करौली के जेईएन दिनेश, दिनेश चांदा ,अनिल लैब ,धर्मा, डीपीएम आशुतोष पांडे, पंडित खींरेंद्र शास्त्री, पीसीसी सदस्य महेंद्र सुरोठिया सहित अन्य कई लोगों ने पेड़ लगाने का पुनीत कार्य किया।इस अवसर पर पधारे अतिथिगणों सहित आगंतुक प्रबुद्धजनों का टीम सदस्यों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया! अंत में टीम मित्राय के सदस्यों ने आगंतुक सभी अतिथियों एवं प्रबुद्धजनों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए सभी से आठाह किया कि अपने-अपने द्वारा लगाए गए पौधों की सार संभाल कर उन्हें बड़ा कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें।इस अवसर पर धर्मा धर्मेंद्र, अनिल शर्मा अनु लैब,पोरबेंद्र पाराशर, भानु शर्मा,नागेंद्र शुक्ला, शौर्यपाल, गौरांग, मृदुल हरदैनिया, विपुल ,आशीष, आकाश शर्मा ,सुनील कुम्भज, जाहिद खान, यथार्थ शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अनुष्का बनी इकाई अध्यक्ष

हिण्डौन सिटी, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने राजकीय कन्या महाविद्यालय हिण्डौन सिटी की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। सत्र 2025-26 के लिए आयोजित बैठक में अनुष्का सेन को इकाई अध्यक्ष तथा कविता कुमारी को इकाई सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में विभाग संयोजक योगेंद्र डागुर ने एबीवीपी के 75 वर्ष के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन निरंतर छात्र और राष्ट्रहित में सक्रिय रहा है। गुरु-शिष्य की साझेदारी परिषद की सबसे बड़ी ताकत है। जिला संयोजक लव सोलंकी ने कहा कि प्रारंभिक समय में छात्र संगठन केवल मांगों तक सीमित रहते थे, लेकिन विद्यार्थी परिषद ने रचनात्मक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देते हुए छात्रों में ज्ञान, विश्वास और एकता का संचार किया है। नगर मंत्री शांतनु सिंह ने संगठन की कार्यपद्धित पर प्रकाश डाला। वहीं नगर छात्रा प्रमुख नैना सैनी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष प्रीति व अर्चना, प्रवेश सचिव कविता कुमारी, सह सचिव रतना व नंदनी, एस.एफ.एस. संयोजक मनोरमा, सह संयोजक जिज्ञासा व अंजना, एस.एफ.डी. संयोजक सपना, सह संयोजक मनीषा, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक पायल, सह संयोजक दीपिका व सोनम, खेलो भारत संयोजक कोमल तथा सह संयोजक मनीषा व धोनिका को दायित्व सौंपा गया। नई टीम अब छात्राओं की समस्याओं के समाधान व संगठन की गतिविधियों को गति प्रदान करेगा।

धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण

हिण्डौन सिटी, (निसं)। गुढ़ाचन्द्रजी के उच्च मा. आदर्श विद्या मंदिर गुढ़ाचन्द्रजी के प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने कैमरी के सुप्रसिद्ध तीर्थ जगदीश धाम के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया । गुढ़ाचन्द्रजी प्राथमिक वर्ग के प्रधानाचार्य दीपेन्द्र सिंह राजपूत, माध्यमिक वर्ग के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने प्राथमिक वर्ग के छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया साथ ही अध्यापकों को विद्यार्थियों के दल के साथ रवाना किया । जगदीश धाम पहुँचने पर गुढ़ाचन्द्रजी प्रधानाचार्य दीपेन्द्र राजपूत, नादौती प्रधानाचार्य राजेन्द्र शर्मा, प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामनरेश वैध का जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना, कैप्टेन शीशराम खटाना, हंसराज सरपंच, साहबसिंह, सचिव रामविलास धमाड़ी, भरती खटाना की और से भगवान की प्रतिमा और साफा पहनाकर स्वागत किया गया । पूर्व सरपंच हंसराज खटाना ने विद्यार्थियों को भगवान जगदीश के इतिहास और भक्त चंद्रमादास के द्वारा उड़ीसा से कैमरी तक के भगवान की प्रतिमा स्थापित करने के वृतांत को विस्तार से बताया ।विद्यार्थियों ने कैमरी के ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों जगदीश मंदिर सहित जानकी देवी मंदिर, भगवान देवनारायण मंदिर, किसान नेता स्व. राजेश पायलट प्रतिमा स्थल सहित सुंदर जगदीश पार्क का भ्रमण किया तथा स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उन स्थलों का भ्रमण कराना है, शैक्षिक भ्रमण से विशेषकर विज्ञान व इतिहास से संबंधित ज्ञान में वृद्धि करना था। शैक्षिणक भ्रमण का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के लगभग 300 विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य शामिल हुए। प्रधानाचार्य दीपेन्द्र राजपूत ने बताया कि हम समय-समय पर विद्यार्थियों को स्थानीय व दूरस्थ स्थानों का शैक्षिणक भ्रमण करवाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिरों में बेहतर शिक्षा व गुणवत्ता लाने के साथ साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता है। भूपेन्द्र खटाना अधैत ने बताया कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के शैक्षिणक स्तर में वृद्धि करते हैं ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों को समाय समय पर कराये जाने चाहिए।

चिकित्सा संस्थानों का किया निरीक्षण

करौली, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समयानुरूप पहुंच की जानकारी के लिए सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने तीन चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर प्रदान सेवाओं सहित मच्छर रोधी गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण दौरान डीपीसी -आईईसी लखन सिंह लोधा मौजूद रहे। सीएमएचओ ने पीएचसी कोंडर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, उपस्थित पंजिका के अनुसार कार्मिकों की स्थिति जांची जिसमें चिकित्सक सहित दो कार्मिक डे ऑफ पर पाए गए। जिन्हें महत्वपूर्ण दिवसों पर डे ऑफ न दिए जाने के लिए बीसीएमओ को निर्देशित किया। उन्होंने पीएचसी खेड़िया का निरीक्षण किया, जिसमें पीएमएसएमए दिवस पर जांच की गई गर्भवती महिलाओं को फॉलो कर हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए प्रयास के निर्देश प्रदान किए और संस्था पर मौजूद आईईसी सामठी को वितरण के लिए पाबंद किया। इसी क्रम में उन्होंने पीएचसी फतेहपुर का निरीक्षण किया, जिसमें चिकित्सक और लैब टेक्नीशियन मौके पर मौजूद नहीं पाए गए, जिन पर कार्रवाई के लिए बीसीएमओ को निर्देशित किया गया। उन्होंने कार्मिकों को निर्धारित यूनिफॉर्म और आईडी कार्ड के उपयोग के लिए पाबंद करते हुए वैक्सीन डिपो और वैक्सीन वायल मॉनिटर संधारण के निर्देशित किया।

शपथ ग्रहण समारोह आज

करौली, (निसं)। अग्रवाल समाज करौली के सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष ट्रस्टी और कार्यखंड सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आज बुधवार को संपन्न होगा। अग्रवाल समाज करौली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कैलाश सिंह गुप्ता भगत ने बताया कि आज बुधवार को प्रात:10 बजे गोविंद देव जी महाराज के मंदिर प्रांगण में शपथ ठाहण कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें नवनिर्वाचित श्याम लाल बजाज सहित मंदिर गोविंद देव जी प्राणनाथ मंडल के 6 ट्रस्टी एवं 20 कार्यकारिणी सदस्य अपने पद एवं दायित्वों के निर्वहन एवं जिम्मेदारी की शपथ ग्रहण करेंगे।

प्रदर्शनी व पशु मेले में ऑनलाइन दुकानों के आवंटन का विरोध

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर जिला हवाई मजदूर समिति एवं भरतपुर जिला व्यापार महासंघ एवं जिला पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिस बैठक में भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के जिला महामंत्री नरेंद्र गोयल जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश बजाज जिला सह महामंत्री प्रदीप शर्मा जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा पशुपालन विभाग से जसवंत प्रदर्शनी पशु मेला अधिकारी डॉ रामकृष्ण महावर हलवाई मजदूर समिति के अध्यक्ष मोहन हलबाई महामंत्री रामू मौजूद रहे।

बैठक में मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश वह राजस्थान के कोने-कोने से पधारे व्यापारियों ने भरतपुर जिला व्यापार महासंघ बा मेला अधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखी बाहर से पधारे व्यापारियों ने ऑनलाइन दुकानों के आवंटन को निरस्त करने की बात रखी साथ में मैला के अंदर पानी व शौचालय की व्यवस्था करने का आठाह किया व्यापारियों ने कहा कि ऑनलाइन दुकानों के आवंटन से बड़े ठेकेदार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देंगे लगभग 50 दशकों से लगती आ रही जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला हम कई दशकों से दुकान लगाते आ रहे हैं ऑनलाइन दुकानों का आवंटन होता है तो हम सभी मेला के व्यापारी दुकानों की ऑनलाइन आवंटन का विरोध कर मेले का बहिस्कार करेंगे व्यापारियों में झूले वाले क्रोकरी वाले खजिला व्यवसाय हैंडीक्राफ्ट कपड़े क्रोकरी व्यावसायिक मौजूद थे बैठक में युवा सामाजिक कार्यकर्ता मनु देव सिनसिनी ने कहा कि यह छोटे बड़े दुकानदार मेलो में दुकान लगाकर अपने परिवारों का पालन करते हैं अत: ऑनलाइन आवंटन न कर ऑफलाइन आवंटन किया जाए जिला व्यापार महासंघ के महामंत्री नरेंद्र गोयल द्वारा कहा कि भरतपुर जिला व्यापार महासंघ मेला व्यापारियों के साथ है हमें मेला व्यापारी संतुष्ट चाहिए यदि ऑनलाइन दुकानों का आवंटन निरस्त नहीं किया गया तो आगामी दिनों मे आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिला कलेक्टर के माध्यम से राज सरकार को भी ज्ञापन भेजा जाएगा।

जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेले में ऑनलाइन दुकानों के आवंटन का विरोध कर बहिष्कार की चेतावनी दी।

अग्रवाल समाज केसामूहिक सहभोज की तैयारियों को लेकर की चर्चा

अग्रवाल समाज के सामूहिक सहभोज के दिन प्रतिष्ठान बंद रखने का हुआ निर्णय

प्रत्येक वार्ड में समाज को घर-घर निमंत्रण देंगे

गंगापुर सिटी 9 सितम्बर। अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी क्षेत्र के समस्त पदाधिकारीयों की एक बैठक अग्रवाल धर्मशाला में मंगलवार शाम 4 बजे आयोजित की गई। बैठक में 14 सितंबर रविवार को नई अनाज मंडी परिसर में आयोजित होने वाले अग्रवाल समाज के सामूहिक सहभोज की तैयारीयों को लेकर चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में अग्रवाल समाज जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद बरनाला, गंगापुर समाज समिति अध्यक्ष मोहनलाल कुनकटा, उदेई मोड समाज समिति अध्यक्ष दुर्लभ गोयल, मिर्जापुर समाज समिति अध्यक्ष लक्ष्मी चंद महोली, अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चन्द गुट्टा, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग, सामूहिक सहभोज संयोजक ओमप्रकाश धर्मकांटा, वित्त संयोजक मदन मोहन गोठरा, राजेंद्र प्रसाद गैरई, अग्रवाल शिक्षण संस्थान अध्यक्ष दीनदयाल मच्छीपुरा, कर्मचारी विकास समिति अध्यक्ष राधा मोहन गोयल, दिनेश मेडी, मुकेश मित्तल, मनन गुप्ता, कुंदन गुप्ता, शंभू आर्य, ललित गुप्ता, दीपक गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती पदमा गुप्ता, उषा गुप्ता, सुमन गुप्ता आदि पदाधिकारीयों ने कहा कि समाज के सामूहिक सहभोज के लिए घर घर निमंत्रण दिया जावे एवं 14 सितंबर रविवार को अग्रवाल समाज के सभी प्रतिष्ठान और दुकान बंद रखकर आयोजन को सफल बनाया जावे। बैठक में सर्वसम्मति से अग्रवाल समाज के सभी प्रतिष्ठान दुकान बंद रखने का निर्णय लिया गया। मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि बैठक में जिला सवाई माधोपुर तथा करौली जिले के क्षेत्र के पदाधिकारीयों को निमंत्रण पत्र देने के लिए कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सामूहिक सहभोज संयोजक एवं वित्त संयोजक द्वारा सामूहिक सहभोज की तैयारीयों पर विस्तार से बताते हुए चर्चा कर सुझाव आमंत्रित किये और जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।

गंगापुर सिटी में सामूहिक सहभोज की तैयारियो को लेकर चर्चा करते अग्रवाल समाज के प्रबुध जन।

पौधों की ट्रेनिंग व प्रूनिंग तकनीक सिखाई

भरतपुर, (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर के विद्यार्थियों को पौधों की ट्रेनिंग व प्रूनिंग करना सिखाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि वर्षा ऋतु में पौधे तेजी से बढते हैं तथा जमीन स्तर से पौधे के तने से कई शाखाये निकल जाती हैं जिससे पौधो का आकार खराब हो जाता है । इसलिए पौधों की नियमित कटाई-छंटाई आवश्यक है। डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि सही आकार देने के लिए शुरूआती अवस्था में पौधो की ट्रेनिंग की जाती है, यह धीरे-धीरे की जाने वाली प्रकिया है।

पौधे की नीचे की शाखाओं को एक साथ काटने से पौधे में पत्तिया कम हो जाती है तथा ज्यादा कटाई से पत्तियो की कमी होने से पौधे की भोजन बनाने की प्रक्रिया धीमी हो जाने से पौधा कमजोर हो जाता है। अत: ध्यान रखें कि जमीन स्तर से एक मीटर तक एक तना रखते हुए 2द्व3 महीने के अन्तराल से एक - एक शाखा हटाते रहें । उचित ट्रेनिंग से पौधे का आकार सुन्दर होता है तथा उसकी संरचना मजबूत होती है। यह ट्रेनिंग फलदार एव अलंकृत दोनों तरह के पौधो में की जाती है।

गांव चलो अभियान 18 से

करौली, (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि गांव चलो अभियान के तहत 18 सितम्बर से जिले की प्रत्येक पंचायत समिति की प्रत्येक ठााम पंचायत में शिविर आयोजन पूर्ण होने तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार, शुक्रवार व शनिवार को प्रत्येक दिवस 2 ठााम पंचायतों में प्रात: 10बजे से सांय 5 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल को नोडल अधिकारी, संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग प्रेम किशन को तकनीकी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

मददगार बनी जनसुनवाई

भरतपुर, (निसं)। जिला कलक्टर कमर चौधरी की जनसुनवाई में पहुंची 90 प्रतिशत दिव्यांग भगवान देई की दिव्यांग पेंशन सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रयासों से स्वीकृत होकर वर्षों से चली आ रही समस्या का निराकरण हुआ। जिला कलक्टर के निर्देश पर सेवर पंचायत समिति द्वारा भगवान देई के घर जाकर स्वीकृत पेंशन के दस्तावेज सौंपे।

ग्राम पंचायत लुधावई के ग्राम वमनपुरा निवासी भगवान देई ने जिला कलक्टर की नियमित जनसुनवाई में उपस्थित होकर 90 प्रतिशत दिव्यांग होने के बाद भी तकनीकी समस्या के कारण पेंशन स्वीकृत नहीं होने की जानकारी दी। जिला कलक्टर के निर्देश पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की टीम द्वारा सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ जयपुर मुख्यालय से लगातार सम्पर्क में रहकर तकनीकी समस्या को दूर कराया गया। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत दिव्यांग पेंशन के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से समन्वयव कर आवश्यक दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड किया जाकर पेंशन स्वीकृत करवाई गई।सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उप निदेशक पुष्पेन्द्रसिंह कुंतल ने बताया कि आवेदक भगवानदेई ने प्रारंभ में ई-मित्र केंद्र के माध्यम से आवेदन करने का प्रयास किया, किंतु बायोमेट्रिक सत्यापन संभव न होने के कारण आवेदन सबमिट नहीं हो सका। इस पर प्रार्थी को सुझाव दिया गया कि ऐसे दिव्यांग आवेदक, जिनके बायोमेट्रिक कैप्चर संभव नहीं हैं, वे ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित बीडीओ कार्यालय तथा शहरी क्षेत्र में उपखंड अधिकारी कार्यालय में सीधे आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आवेदक का आवेदन बीडीओ कार्यालय सेवर के माध्यम से करवाया गया। उन्होंने बताया कि आवेदन सबमिट करने पर जनआधार डिटेल को पोर्टल पर नॉट बेलिड बताते हुए एरर का संदेश प्रदर्शित हुआ। तकनीकी समस्या के निस्तारण हेतु सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की टीम ने राज्य स्तर पर जनाधार टीम एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान किया।

खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए : रमाकान्त

सूरौठ, (निसं)। कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं.1 में मंगलवार को शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय छात्र व छात्रा 14 वर्ष आयु वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल अधिकारी, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चेयरमैन प्रतिनिधि रमाकांत शर्मा ने प्रतियोगिता का ध्वजारोहण कर किया अपने संबोधन में कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए । खेल अनुशासन सीखाते है, अध्यक्षता कर रहे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि अवसाद भरे जीवन में खेल ही एक ऐसा साधन है जो तनाव मुक्त रखता है खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है । शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। संयोजक व प्रधानाध्यापक महेश चंद्र जाट, व मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया कि पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत, शूटिंग बांल संघ के सचिव विश्राम मीना, प्रेमसिंह सूबेदार, विजय सिंह सरस, राम खिलाड़ी सैनी ,पीईईओ सोहन सिंह मीना, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक देवी सिंह सैनी, प्रतियोगिता कोऑर्डिनेटर व्याख्याता डाइट गिरीश गुप्ता प्रधानाचार्य एमडी भावना रहें विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे,कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीना, व भगत सिंह बैनीवाल ने किया फील्ड मार्शल ज्योति रेवाड़ व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीणा ने बताया सॉफ्टबॉल ,बास्केटबॉल, हॉकी, जिमनास्टिक, लॉन टेनिस, प्रतियोगिता में जिलेभर से 42 टीमों के 390 छात्र व छात्रा खिलाड़ी भाग ले रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच में निर्णायक कि भूमिका पुष्पेन्द्र चौधरी, मुकेश चौधरी, योगेन्द्र सिंह राजपूत,शशि जांगिड़, राजीव मीणा प्रसन्न शर्मा सतवीर चौधरी, नवल सिंह ,रंजना, अखे सिंह ,अरूण चौधरी, गब्बर सिंह। रहे प्रतियोगिता का प्रतिवेदन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी ने किया। पर्यवेक्षक व्याख्याता देवीसिंह सैनी ने शपथ दिलवाई। इससे पूर्व अतिथि गणों ने मां सरस्वती के चित्र पट के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। स्थानीय विद्यालय की छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

आयोजन कमेटी के प्रधानाध्यापक महेश चंद्र जाट, अध्यापक हरिमोहन पुष्पद, तेजपाल जाटव, महेश चंद्र, फील्ड मार्शल ज्योति रेबाड, मोनिका चौधरी, सुनीता जैन, सीमा कुमारी सुमित्रा बैसला, कविता गुप्ता , सीमा गुप्ता, आदि ने अतिथि गणों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

सूरौठ कस्बे में 69 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

सार-समाचार

रामलीला आयोजन को लेकर बैठक

हिण्डौन सिटी, (निसं)। शहर के सबसे प्राचीन एवं ऐतिहासिक धार्मिक रामलीला आयोजन को लेकर आज एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी नवरात्रा स्थापना के साथ भव्य एवं विशाल रामलीला का आयोजन प्रारंभ किया जायेगा। हिन्डौन सिटी में सैंकड़ों वर्षों पुरानी परम्परागत रामलीला जिसका आयोजन लगातार पिछले 8 सालों से नगरपरिषद द्वारा करवाया जा रहा है, साथ ही विशाल दशहरा महोत्सव का भी आयोजन नगरपरिषद हिन्डौन सिटी द्वारा किया जाता है। आगामी नवरात्रा स्थापना पर रामलीला का प्रारंभ भव्य उद्घाटन कार्यक्रम के साथ जलसेन स्थित रामलीला मैदान में किया जायेगा। आज नगरपरिषद सभापति बृजेश कुमार जाटव की अध्यक्षता में परिषद कार्यालय में बैठक का आयोजन किया जिसमें रामलीला आयोजन एवं तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में नगरपरिषद आयुक्त प्रेमराज मीना, उपसभापति लेखेन्द्र चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि एवं बजरंग अखाड़ा के भगवान सिंह, पार्षद राहुल केशू हरसाना, दीनदयाल शर्मा, विजय चौधरी, नेता प्रतिपक्ष दिनेश सैनी, उदय धाकड़, दिलीप धाकड़, धर्मेन्द्र गुर्जर, सत्यप्रकाश शर्मा गंजे, हरकेश मीना, इमरान सैफी सहित अन्य पार्षद व कर्मचारी उपस्थित रहें।

पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। पुलिस ने अपहरण के एक मामले में वांछित इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में उदेई मोड थाना और जिला स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की। घटना 7 जनवरी 2025 को दोपहर करीब 1:45 बजे की है। कुण्डेरा थाना क्षेत्र के चकेरी निवासी कान्जी मीना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके मौसी के बेटे दिलखुश मीना का लड्डू राम बाबा की समाधि के पास से अपहरण कर लिया गया। 5-6 युवक उसे बोलेरो में ले गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत दिलखुश मीना को बरामद कर लिया। मामले में एससी/एसटी एक्ट की धाराएं भी जोडी गईं। पुलिस पहले ही दो आरोपी श्रीराम गुर्जर और हनुमान सिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर चुकी थी। थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने बामनवास बस स्टैंड से सचिन माली (24) को पकडा। सचिन बाढ नेहरी का रहने वाला है। वृत्ताधिकारी सीताराम मीना ने उसे गिरफ्तार किया। सचिन पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। मामले में एक अन्य आरोपी देवेंद्र गुर्जर अभी फरार है। कार्रवाई में थाना अधिकारी राजवीर, कॉन्स्टेबल सत्यभान सिंह, राजाराम, डीएसटी टीम के कैलाशचंद, जितेन्द्र कुमार, राजेन्द्रसिंह, विजयसिंह और घनश्याम सिंह शामिल थे।

प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। पीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सी ब्लॉक में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ जिसमें रैकिट और ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड ने संयुक्त रूप से डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान शुरू किया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गायत्री वेरमेंदु ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने शिक्षकों को स्कूल स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। रिसोर्स पर्सन बलराम भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रशिक्षण में ममता संस्था से तीन विशेषज्ञ शामिल हुए। कोटा जोन से सीनियर अंजू शर्मा, उदयपुर जोन से जोनल कोऑर्डिनेटर पूजा गुप्ता और करौली मासलपुर से सुनीता कसेरा ने प्रशिक्षण दिया। इन्होंने 60 स्कूलों के 120 शिक्षकों को स्वच्छता की अच्छी आदतों के बारे में बताया। शिक्षकों को स्वच्छता मॉड्यूल की विस्तृत जानकारी दी गई। इस जानकारी से वे स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर सकेंगे। प्रशिक्षण के अंत में सभी शिक्षकों ने स्वच्छता की शपथ ली। ममता संस्था की सीनियर प्रतिनिधि अंजू शर्मा ने कार्यक्रम का समापन किया। उन्होंने सभी शिक्षकों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

दो साल से फरार आरोपी दबोचा

गंगापुर सिटी, (निसं)। पीलौदा पुलिस ने विद्युत अधिनियम के तहत दर्ज मामले में 2 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी टोंक जिले के डिग्गी थाना क्षेत्र के चवराणा में झुग्गी-झोपडी में छिप कर रह रहा था। आरोपी प्रह्लाद पुत्र रामसिंह मोगिया अलवर जिले के राजगढ थाना क्षेत्र के चौकीदार मोहल्ला का निवासी है। फिलहाल वह रेण्डायल गुर्जर और खेडला जनेदपुर में फसल की रखवाली का काम करता था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस को पता चला कि आरोपी टोंक जिले के डिग्गी थाना क्षेत्र के चवराणा में झुग्गी-झोपडी में छिप कर रह रहा है। हेड कॉन्स्टेबल रामराज के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। टीम में कॉन्स्टेबल धर्मराज और राजेश भी शामिल थे। आरोपी के खिलाफ विशिष्ट न्यायाधीश सवाई माधोपुर की अदालत में मामला नंबर 16/19 धारा 136, 137 विद्युत अधिनियम के तहत दर्ज है।

भूरसिंह मीना बने महासचिव

गंगापुर सिटी, (निसं)। भारतीय स्टेट बैंक अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार मीणा एवम महासचिव रामू लाल राणा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रशासनिक कार्यालय कोटा से आशाराम मीना को अध्यक्ष और भूर सिंह मीणा को महासचिव बनाया है। आशाराम मीना के अध्यक्ष व भूरसिंह मीना के महासचिव बनाए जाने पर कोटा मण्डल के सभी आरबीयो मुख्यालय के सदस्यो ने दोनो स्वागतकरते हुए सम्पूर्ण एसोसियेशन का आभार व्यक्त किया है।

हलवा व खिचड़ी का किया वितरण

गंगापुर सिटी, (निसं)। उदेई मोड स्थित थोक फल-सब्जी मंडी में लायंस क्लब की ओर से अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमजेएफ और सभापति शिवरतन अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। लायन मुकेश चंद्र गुप्ता लोहे वाले ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में करीब 1200 लोगों को हलवा और खिचडी का प्रसाद वितरित किया गया। लायंस क्लब यह अन्नदान कार्यक्रम प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित करता है। अवध बिहारी गुप्ता और लक्ष्मी गुप्ता कार्यक्रम के संयोजक थे। मीडिया प्रभारी विजय मुकुट ने बताया कि समाजसेवा की भावना से प्रेरित यह आयोजन सभी के सहयोग से सफल रहा। कार्यक्रम में लायंस क्लब के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

करौली, (निसं)। झलकारी बाई को ली चतुर्थ जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 14 सितंबर को करौली जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा।इस दौरान कोलीयान समाज विकास संस्थान करौली के सचिव मंगल सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झलकारी बाई कोली चतुर्थ जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 14 सितंबर रविवार को वजीरपुर गेट बाहर स्थित लाडली पैलेस में आयोजित होगा

साइंस फेयर का हुआ आयोजन

करौली, (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में कलस्टर संभाग स्तरीय सांईस फेयर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि मॉडल स्कूलों की कलस्टर 11 भरतपुर संभाग के तीन जिलों सवाई माधोपुर,करौली और धौलपुर के 10 मॉडल स्कूलों की कलस्टर स्तरीय सांईस फेयर का आयोजन किया गया। जिसमें मॉडल जूनियर वर्ग कक्षा 6-8 में विजेता गार्गी गुप्ता मॉडल स्कूल खण्डार, मॉडल सीनियर वर्ग कक्षा 9-12 में विजेता हर्षुल शर्मा मॉडल स्कूल खण्डार,साइंस क्विज जूनियर